-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 22.06.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना समाधान दिवस पर थाना कोतवाली नगर में जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा सुनी गई जनता की शिकायतें।**
- **थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल प्राप्त 146 शिकायतों में से 75 शिकायतों का तत्काल किया गया निस्तारण।**

विवरण- जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज दिनांक 22.06.2024 को समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी बांदा श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना कोतवाली नगर पर जनता की शिकायतों को सुना गया। इस दौरान थाना कोतवाली नगर पर कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुई जो राजस्व से संबंधित थी जिनके त्वरित निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया है। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 146 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से 75 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना मटौंध पर जनता की शिकायतें सुनी गई। समाधान दिवस पर समस्त थानों पर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों द्वारा जनता की शिकायतें सुनी गई।